## भाई खास तो राखी भी खास...



इंदौर। बाजारों में त्योहार की रंगत नजर आने लगी है। संजय सेतु समेत शहर के बाजारों में रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें सज गई हैं। डायमंड स्टोन, मेटल, मोती और धार्मिक आस्था से जुड़ी राखियां इस बार खास आकर्षण बनी हुई हैं।

इस बार खाटू श्याम की रेयर पैटर्न वाली राखी की खास मांग है, जिसे व्यापारी विशेष रूप से अहमदाबाद से मंगवा रहे हैं। इसके अलावा मोती-स्टोन से बनी भैया-भाभी राखी भी नए डिजाइन में उपलब्ध है। बाजार में 10 से 200 रुपए तक की अलग-अलग डिजाइन की राखियां मिल रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर से लेकर युवाओं और बड़ों के लिए स्टाइलिश और ट्रेंडिंग राखियों की पूरी रेंज बाजार में है।

## राणीसती दादी की पालकी और रथ का 200 से अधिक परिवारों द्वारा भादवी अमावस्या पर किया जाएगा पूजन



इंदौर, । श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार की मेजबानी में भादवी अमावस्या के उपलक्ष्य में गुरुवार, 10 सितम्बर को सुबह 7 बजे से स्नेह नगर स्थित हनुमान मंदिर, वृंदावन गार्डन से अग्रवाल नगर स्थित राणी सती दादी के मंदिर तक निकलने वाली भव्य प्रभातफेरी की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु शहर के 45 प्रमुख महिला संगठनों की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रभातफेरी का शहर के 200 से अधिक परिवारों में घर-घर स्वागत और पूजन की तैयारियां की जा रही हैं। पिछले 13 वर्षों से चली आ रही प्रभातफेरी की इस परंपरा में स्नेह नगर, पटेल नगर, मनीष बाग, भगवानदीन नगर एवं अग्रवाल नगर सहित पूरे शहर की महिलाएं राजस्थानी चुनरी और पुरुष श्वेत वस्त्र पहनकर शामिल होंगे। प्रभातफेरी में दादी राणीसती को एक सुश्रृंगारित रथ पर विराजित किया जाएगा। बैंड-बाजों और भक्ति-संगीत की मनोहारी सुर-लहरियों के बीच नाचते-गाते श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत होगा।

टैगोर मार्ग स्थित होटल अप्सरा पर आयोजित बैठक में महिलाओं ने भादवी अमावस्या पर अपनी आराध्य दादी के इस उत्सव को धूमधाम से मनाने, प्रभातफेरी का न्यौता सभी क्षेत्रों में घर-घर देने और दादी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पूरे जोश और उत्साह से शामिल होने का निर्णय लिया।

बैठक में प्रमुख संयोजक श्रीमती संगीता-अरविंद बागड़ी, उषा-राजेश बंसल, श्रीमती निर्मला जिंदल, किरण तायल, ज्योति अग्रवाल (जूनी इंदौर), उषा-प्रहलाद दादा, पुष्पा गुप्ता, शीतल तोडीवाला, तृप्ति गोयल, कांता अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, आभा अग्रवाल, राधा अग्रवाल, शीतल-रवि अग्रवाल, स्वाति मंगल, चंचल-नीतेश अग्रवाल, पिंकी-रवि अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल (वरुण विक्ट्री), वन्दना मित्तल, कविता-दिलीप गर्ग, नेहा-कुलदीप अग्रवाल सहित 45 से अधिक महिला संगठनों की बहनों ने शामिल होकर अपने-अपने सुझाव दिए। संचालन नंदकिशोर कंदोई ने किया और आभार माना विनोद अग्रवाल जूनी इंदौर ने।

## राखी से पहले रंगरेज़ा की धूम



इंदौर। रक्षाबंधन से पहले आयोजित दो दिवसीय भव्य लाइफस्टाइल एग्जीबिशन रंगरेज़ा बाय आरंभ-राखी एडिशन का समापन शानदार सफलता के साथ हुआ। इन्फिनिटी में आयोजित इस मेले में दो दिनों में 3 से 4 हजार से अधिक लोगों ने शिरकत की।डॉ. निधि वर्मा और सी ए साक्षी वर्मा ने बताया इस बार की प्रदर्शनी पिछले साल से कहीं ज्यादा बड़ी और सफल रही। शहर के कोने-कोने से आए फैशन प्रेमियों के साथ-साथ, इस बार देश के बड़े शहरों मुंबई, दिल्ली, केरल, जयपुर और कोलकाता से भी डिजाइनर्स और ब्रांड्स ने अपने स्टॉल लगाए थे। प्रदर्शनी में एक्सक्लूसिव एथनिक वियर, डिजाइनर राखी कलेक्शन, ज्वेलरी, गिफ्टिंग आइटम्स और होम डेकोर की रेंज ने खरीदारों को खूब आकर्षित किया।

## लेखक रजनी रमण शर्मा को श्रद्धांजलि



इंदौर। कवि, उपन्यासकार तथा जनवादी लेखक संघ के वरिष्ठ साथी रजनी रमण शर्मा का जाना बहुत दुःखद है और वर्तमान समय के इस कठिन दौर के लिए एक नुकसान भी। जलेस की हर महीने होने वाली बैठक में अपने रजिस्टर और बहुत सारी जानकारियों के साथ वे हमेशा मुस्कुराते हुए मौजूद रहते थे। प्रगतिशील लेखक संघ राष्ट्रीय सचिव मंडल सदस्य विनीत तिवारी, राज्य सचिव मंडल सदस्य सारिका श्रीवास्तव, हरनाम सिंह एवं प्रलेसं इकाई अध्यक्ष डॉ जाकिर हुसैन ने अपने शोक संदेश में कहा है कि साथी रजनी रमण शर्मा का जाना हम सभी साथियों के लिए अपूरणीय क्षति है।

## वार्डो मे की जा रही निरंतर सफाई

देवास,पवनयादव ।निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम द्वारा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए वार्डो एवं व्यवसायिक क्षेत्रों मे झाडु लगाने के साथ नाली सफाई तो प्रतिदिन हो ही रही है।किन्तु विशेष रूप से टीम द्वारा मीठा तालाब तथा मंडुक पुष्कर तालाब को भी स्वच्छ रखने के लिए वहां से कचरा हटाया गया।वहीं टीम ने ईद मिदुन्नबी के जुलुस के पश्चात सफाई अभियान चलाया ।महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने रहवासियों से अपील की है कि वे घरों या अन्य सामग्री का कचरा जलाश्यों मे नही डाले, निगम की कचरा संग्रहण वाहनों मे ही डाले ताकि हमारे तालाब व जलाश्य स्वच्छ रहें।

## राखी निर्माण कार्यशाला आयोजित



इन्दौर। माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत छात्राओं के लिए राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक रमेश मेंदोला ने छात्राओं को रचनात्मक कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी ने कहा कि कौशल आधारित गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।प्रभारी डॉ. स्मिता चैतन्य के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला की संयोजक क्रीड़ा अधिकारी डॉ. बबीता अग्रवाल थीं। कार्यक्रम में डॉ. प्रगति जैन, डॉ. पुष्पा पठोते, डॉ. प्रियंका ढलवानी एवं डॉ. निशांत मिश्रा सहित समस्त प्राध्यापकगण की सहभागिता रही। कार्यशाला में 53 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## पांच दशक की मित्रता का उत्सव

### जीएससी फ्रेंड्स सर्कल का पारिवारिक मिलन समारोह

इंदौर। शहर के प्रतिष्ठित जीएससी फ्रेंड्स सर्कल के सदस्यों का पारिवारिक मिलन समारोह आत्मीयता और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। पांच दशक पुरानी मित्रता के इस विशेष अवसर पर करीब 40 मित्रों ने परिवार सहित सहभागिता की और पुरानी यादों को ताजा करते हुए एक-दूसरे से आत्मीय मुलाकात की।



कार्यक्रम में अनिल जोशी ने तबला वादन के साथ गायन की प्रस्तुति दी। सतीश किरण शर्मा ने गायन एवं नृत्य की युगल प्रस्तुति से समां बांधा। प्रदीप जौहरी और विमल प्रजापत ने पुराने नगमे प्रस्तुत किए, जबकि योगेश रघुवंशी ने कविता पाठ कर सबका मन मोह लिया। गुल वज्दी परवेज ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। समारोह में मनोरंजक तंबोला का भी आयोजन हुआ। सीता बंसल, प्रेरणा गोयल और रेखा जौहरी ने तंबोला खिलाया। इसमें चंद्रा प्रजापत, अमिता रघुवंशी, अल्पना दवे, अनिल भटेवरा और उमेश दवे विजेता रहे।

मित्रों ने सामाजिक सरोकार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए हरियाली बढ़ाने तथा पुराने और विरासत स्वरूप वृक्षों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। ग्रुप द्वारा विगत दिनों देवगुराड़िया पर 275 पौधे भी लगाए गए हैं। सदस्यों ने कहा कि पांच दशक की मित्रता उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और इसे आगे भी इसी आत्मीयता के साथ बनाए रखना उनका प्रयास रहेगा।

समारोह में सर्वश्री सुरेंद्र बंसल, केदार मनीषा शर्मा, डॉ. जिनेन्द्र सेठिया, अनुपमा भटेवरा, स्मिता जौहरी, राधेश्याम उर्मिला कुईया, अनिल कृष्णा व्यास, नरेश सुप्रिया कोठारी, उमेश अलका दलवी, किरण मांजरेकर और डॉ. दिलीप सिंधु वागेला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन अनिल जौहरी एवं दिनेश गोयल ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. संजय काले ने किया।

## ग्लैमर रेनवे का सफल आयोजन



इंदौर। महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और उनकी प्रतिभा को एक प्रभावशाली मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ओमीशा सोशल क्लब की फाउंडर श्रीमती रेणु सोलंकी के नेतृत्व में ग्लैमर रेनवे'26 ङ्क का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मुग्धा गोलू शुक्ला एवं श्रीमती रचना महंत द्वारा किया गया। वंश मालवीय, डॉ. मनजीत भाटिया, सावी उपाध्याय, कृपाल सिंह मथानिया, मीना राठौर, ओलम्पिका दास मिश्रा एवं अंकिता सिसोदिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित ब्यूटी एवं स्किन केयर सेशन में स्किन ट्रीटमेंट, मेकअप, ब्यूटी केयर तथा आधुनिक ब्यूटी ट्रेंड्स से जुड़ी उपयोगी जानकारियां साझा की गईं। फाउंडर श्रीमती रेणु सोलंकी ने कहा कि 'ग्लैमर रेनवे '26' का उद्देश्य केवल फैशन और मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और एक-दूसरे से जुड़ने के लिए सकारात्मक मंच उपलब्ध कराना है।

## प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन



इंदौर। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन के उपलक्ष्य में टूवे संवाद. एन.एस.एस होलकर, शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर फ्युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट गोलू शुक्ला किरण सलूजा अतिरिक्त संचालक इंदौर संभाग की उपस्थिति रही।

जनप्रतिनिधियों ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें खेल, शिक्षा, कौशल विकास, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और कैलाश विजयवर्गीय ने विद्यार्थी जीवन का महत्व समझाते हुए ÷नशा मुक्त युवा÷ की शपथ दिलाई।

अभिषेक मुकाती, राष्ट्रीय स्तर के नेटबॉल खिलाड़ी; रानी नायक, वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी; महेंद्र स्वामी, मार्शल आर्ट्स चौंपियन; स्वर्णिम जायसवाल, जिम्नास्टिक्स खिलाड़ी; सक्षम सेन, जिम्नास्टिक्स खिलाड़ी; रुद्र करवाल, जिम्नास्टिक्स खिलाड़ी; श्रुतिका जैसोना, जंप रोप चौंपियन; तथा ऐश्वर्या सेंगर, जंप रोप चौंपियन ने कार्यक्रम को विशेष बनाया।

माननीय प्रधानमंत्री के इस लाइव प्रसारण टू वे के बारे में प्राचार्य डॉ अनामिका जैन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा युवाओं को कनेक्ट किया जा सकता है ।

एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सीमावती सिसोदिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप कुमार गोहर के नेतृत्व में एन.एस.एस होलकर के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के संचालन, अनुशासन, सहभागिता एवं विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

## बीएसएफ के सेनिक जवानों के संग किया वृक्षारोपण



इंदौर।अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद की शाखा उमंग महिला परिषद ने बीएसएफ कैंप में सैनिक भाइयों के साथ रक्षाबंधन उत्सव, वृक्षारोपण एवं टिफिन पार्टी का आयोजन किया। मिडिया प्रभारी रुचि चोविश्या ने बताया कि बहनों ने भाई सैनिकों की कलाई पर राखी बांधकर सम्मान व्यक्त किया।

कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष हेमलता गोधा, संरक्षक नीता कासलीवाल, मीना बिलाला, दीपाली कासलीवाल, संभाग अध्यक्ष मुक्ता जैन व निर्मला जैन, अनिता जैन का मार्गदर्शन रहा। संभाग अध्यक्ष मुक्ता जैन ने संबोधित करते हुए आयोजक परिषद की सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से शाखाओं को आयोजन करने की प्रेरणा मिलती है।अध्यक्ष रिंकू अजमेरा व सचिव मोनिका कासलीवाल के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। संचालन पूजा बाकलीवाल व नम्रता अजमेरा ने किया।

## पंढरीनाथ जाने वाले मार्ग को सीमेंट के बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया

### वाहन चालक हरसिद्धि से मच्छी बाजार जाने वाली सड़क से गुजरेंगे

इंदौर। कुछ दिनों पहले ही चंद्रभागा से हरसिद्धी जोन तक 60 फीट चौड़ी नई सड़क वाहन चालकों के लिए शुरु हुई तो यातायात पुलिस ने अब वहां भुलभुलैया वाला डायवर्शन प्लान तैयार किया है।

इसके चलते आज सुबह से हरसिद्धी मंदिर के सामने से पंढरीनाथ की ओर जाने वाले मार्ग को सीमेंट के बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया गया और वाहन चालक हरसिद्धी से मच्छी बाजार होते हुए राजबाड़ा और अन्य मार्गो पर पहुंच रहे थे। त्यौहार के चलते बाजारों में बढ़ रही भीड़ के कारण नया प्लान बनाया गया है।



पंढरीनाथ चौराहे पर चारों ओर से आने वाले वाहनों का दबाव अब नई सड़क बनने के बाद से कम हो गया था और हरसिद्धी से वाहन चालक नई सड़क का उपयोग कर सीधे चद्रभागा से संजय सेतु पहुंच रहे थे वहीं संजय सेतु से आने वाले वाहन चालक भी नई सड़क से हरसिद्धी जोन तक आवगमन कर रहें हैं, लेकिन इसी बीच यातायात पुलिस ने फिर वहां भुलभुलैया वाला डायवर्शन प्लान आज से प्रयोग के तौर पर लागू कर दिया है।

बंद किए गए पंढरीनाथ वाले मार्ग की बजाय अब वाहन चालकों को हरसिद्धी से मच्छी बाजार की सड़क से राजबाड़ा, आड़ा बाजार और पंढरीनाथ पहुंचना पड़ रहा है। नए प्लान के कारण वहां अब वाहनों का सारा दबाव मच्छी बाजार वाली सड़क पर पड़ना है और उक्त क्षेत्र में पहले ही सरवटे-टू-गंगवाल सड़क का हिस्सा है जहां फुटपाथ तो दूर सड़क घेरकर दुकानें लगती है औ-सड़कों पर ही वाहन खड़े रहते है और ऐसे में वाहन चालक की मुसीबत और बढ़ना है।

## खिलाड़ियों का सम्मान किया

देवास,अंतिम यादव ।जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं प्रगति एथलेटिक्स क्लब द्वारा कुशभाऊ ढाकरे स्टेडियम पर पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष मदनलाल कहार, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज राजानी, प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, आदि द्वारा बेबी सिंह लॉन्ग जंप गोल्ड मेडल, प्रियांशी चौधरी सिल्वर मेडल लॉन्ग जंप, तनिष्क चौहान सिल्वर मेडल गोला फेक, गुंजन भोसले कांस्य पदक गोला फेक, भरत मुवाल 5000 मी पैदल चाल कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस उपलब्धि पर खेल और युवक कल्याण विभाग की ओर से बधाई दी गई।

## एक साथ दोनों किडनियों में कैंसर की गांठें...

### 45 वर्षीय मरीज की , पूरी किडनी निकालने के बजाय दूरबीन से सिर्फ गांठें निकालीं

इंदौर, । किडनी में कैंसर की गांठ होने पर कई मामलों में पूरी किडनी निकालने की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन जब दोनों किडनियों में कैंसर हो तो इलाज की चुनौती और बढ़ जाती है। ऐसे में कैंसर को हटाने के साथ किडनी को बचाना भी जरूरी होता है। गुना निवासी 45 वर्षीय पुरुष मरीज के मामले में केयर





सीएचएल हॉस्पिटल्स में दोनों किडनियों की कैंसर की गांठों को निकालकर दोनों किडनियों को बचाने में सफलता मिली। मरीज को जनवरी 2026 में पेशाब में खून आने की शिकायत हुई थी। बाद में दाईं तरफ कमर में दर्द होने पर जांच कराई गई, जिसमें दोनों किडनियों में गांठें मिलीं और दाईं किडनी की गांठ अपेक्षाकृत बड़ी थी।

मरीज की दोनों किडनियों की सर्जरी अलग-अलग चरणों में की गई। पहली सर्जरी 13 जुलाई 2026 को की गई, जिसमें दूरबीन पद्धति से दाईं किडनी की केवल कैंसर वाली गांठ निकाली गई और किडनी के स्वस्थ हिस्से को बचाया गया। इसके बाद दूसरी किडनी में भी कैंसर की गांठ की पुष्टि हुई। 11 अगस्त को दूसरी सर्जरी कर बाईं किडनी की भी केवल कैंसर वाली गांठ निकाली गई। दोनों ऑपरेशन में पूरी किडनी निकालने के बजाय स्वस्थ हिस्से को सुरक्षित रखा गया, जिससे मरीज की दोनों किडनियां बचाई जा सकीं।

केयर सीएचएल हॉस्पिटल्स के यूरोलॉजीस्ट डॉ. सौरभ जुल्का ने कहा, ÷एक युवा मरीज में दोनों किडनियों में कैंसर होना बहुत दुर्लभ से दुर्लभ स्थिति में आता है। केयर सीएचएल हॉस्पिटल्स के एचसीओओ श्री तारिक़ ताजदार ने कहा, ÷ऐसे जटिल मामलों में मरीज के इलाज के दौरान विशेषज्ञ टीम के बीच बेहतर समन्वय और हर स्तर पर सावधानी महत्वपूर्ण होती है।